भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 483
गुरुवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानपत्तनों के प्रस्तावित नामकरण

483. श्री माथेश्वरन वी. एस.:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विमानपत्तनों के नामकरण के संबंध में विभिन्न राज्य सरकारों से प्राप्त अनुरोधों और राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित नाम का विमानपत्तन-वार ब्यौरा क्या है; और
(ख) मंत्रालय के पास विमानपत्तनों के नामकरण के संबंध में कितने अनुरोध एक वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): आमतौर पर, हवाईअड्डों को उस शहर के नाम से जाना जाता है जहाँ वे स्थित हैं, जब तक कि संबंधित राज्य सरकार द्वारा राज्य विधान सभा में पारित प्रस्ताव द्वारा समर्थित कोई अन्य विशेष नाम प्रस्तावित न किया जाए, जिस पर अन्य मंत्रालयों/विभागों के परामर्श से विचार किया जाता है और अंतिम स्वीकृति के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास भेजा जाता है। उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार, राज्य सरकारों से प्राप्त अनुरोधों का ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

“विमानपत्तनों के प्रस्तावित नामकरण” पर लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 483 का अनुलग्नक-I

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	वर्तमान हवाईअड्डे का नाम	प्रस्तावित नाम
1	आंध्र प्रदेश	ओर्वाकल हवाईअड्डा, कुरनूल	उय्यलवासा नरसिम्हा रेड्डी हवाईअड्डा, कुरनूल
		विजयवाड़ा हवाईअड्डा	नंदामुरी तारक रामाराव हवाईअड्डा, अमरावती
		तिरुपति हवाईअड्डा	श्री वेंकटेश्वर हवाईअड्डा, तिरुपति
2	बिहार	दरभंगा हवाईअड्डा	विद्यापति हवाईअड्डा, दरभंगा
3	हरियाणा	हिसार हवाईअड्डा	महाराजा अग्रसेन हवाईअड्डा, हिसार
4	कर्नाटक	विजयपुरा हवाईअड्डा	जगज्योति बसवेश्वर हवाईअड्डा
		हुबली हवाईअड्डा	क्रांतिवीरा संगोली रायन्ना हवाईअड्डा
		बेलगावी हवाईअड्डा	कित्तुरु रानी चेन्नम्मा हवाईअड्डा
		शिवमोग्गा हवाईअड्डा	राष्ट्रकवि डॉ. के.वी. पुट्टप्पा (कुवेम्पु) हवाईअड्डा
5	मध्य प्रदेश	जबलपुर हवाईअड्डा	वीरांगना रानी दुर्गावती हवाईअड्डा, जबलपुर
6	महाराष्ट्र	कोल्हापुर हवाईअड्डा	छत्रपति राजाराम महाराज हवाईअड्डा, कोल्हापुर
		शिरडी हवाईअड्डा	श्री साईं बाबा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, शिरडी
		सिंधुदुर्ग हवाईअड्डा	बीआर. नाथ पाई हवाईअड्डा
		औरंगाबाद हवाईअड्डा	छत्रपति संभाजी महाराज हवाईअड्डा, औरंगाबाद
		नवी मुंबई हवाईअड्डा	लोकनेते डी.बी. पाटिल नवी मुंबई हवाईअड्डा
7	मणिपुर	इम्फाल हवाईअड्डा	बीर टिकेन्द्रजीत अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा
8	पंजाब	सिविल एयर टर्मिनल, आदमपुर हवाईअड्डा	श्री गुरु रविदास जी सिविल टर्मिनल, आदमपुर
9	उत्तराखंड	जॉली ग्रांट हवाईअड्डा, देहरादून	अटल बिहारी वाजपेयी हवाईअड्डा, देहरादून (संकल्प तिथि: दिसंबर, 2018)
10	उत्तर प्रदेश।	सिविल एयर टर्मिनल, आगरा हवाईअड्डा	पंडित दीन दयाल उपाध्याय सिविल टर्मिनल, आगरा
		सिविल एयर टर्मिनल, गोरखपुर हवाईअड्डा	महायोगी गोरखनाथ सिविल टर्मिनल, गोरखपुर आगरा
		सिविल एयर टर्मिनल, बरेली हवाईअड्डा	नाथ नगरी सिविल टर्मिनल, बरेली

		सिविल एयर टर्मिनल, कानपुर (चकेरी) हवाईअड्डा	श्री गणेश शंकर विद्यार्थी सिविल टर्मिनल, कानपुर

*****